**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.4589**
**उत्तर देने की तारीख 30 मार्च, 2022**

**दूरसंचार सुविधाओं से वंचित क्षेत्र**

**4589. श्री आर.के. सिंह पटेल :**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश में दूरसंचार (फोन/इंटरनेट नेटवर्क) सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों की पहचान के लिए कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो बांदा, चित्रकूट बुंदेलखंड जिलों सहित तत्संबंधी जिले-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सहित देश में दूरसंचार सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए अथवा उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**
**संचार राज्य मंत्री**
**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) से (ग) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और दूरसंचार विभाग की क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा दिसंबर 2020 तक उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार यह अनुमान है कि देश भर के 5,97,618 बसे हुए गांवों में से 5,72551 गांवों में (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार) मोबाइल कवरेज उपलब्ध है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य में 97813 बसे हुए गांवों (जनगणना-2011) में से 97486 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है। उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश के शेष सेवा वंचित गांवों को सरकार द्वारा यूएसओएफ योजना के तहत और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा चरणबद्ध तरीके से कवर किया जा रहा है। सरकार दूरसंचार सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों सहित देश के ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के तहत विभिन्न स्कीमों को लागू कर रही है। भारतनेट परियोजना का दायरा हाल ही में देश में ग्राम पंचायतों (जीपी) से बढ़ाकर सभी बसे हुए गांवों तक कर दिया गया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित क्षेत्रों, सीमावर्ती क्षेत्रों, आकांक्षी जिलों और द्वीपसमूह के सेवा वंचित गांवों तक मोबाइल कनेक्टिविटी को व्यापक दूरसंचार विकास योजना के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से विस्तारित किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य में मोबाइल कवरेज का जिलेवार विवरण अनुबंध-I के रूप में संलग्न है।

अनुबंध-I

**माननीय संसद सदस्य द्वारा "दूरसंचार सेवाओं से वंचित क्षेत्र" के संबंध में पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4589 के उत्तर में दिनांक 30 मार्च, 2022 को दिए जाने वाले उत्तर के भाग (क से ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| **उत्तर प्रदेश राज्य में मोबाइल कवरेज का जिलावार ब्यौरा** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र सं** | **जिले का नाम*** | **जनगणना 2011 के अनुसार बसे हुए गांवों की कुल संख्या** | **दिसंबर 2020 के आंकड़ों के अनुसार मोबाइल कनेक्टीविटी युक्त बसे हुए गांवों की संख्या** | **दिसंबर 2020 के आंकड़ों के अनुसार सेवा वंचित गांवों की संख्या** |
| 1 | आगरा | 892 | 891 | 1 |
| 2 | अलीगढ़ | 1170 | 1170 | 0 |
| 3 | इलाहाबाद | 2809 | 2808 | 1 |
| 4 | अम्बेडकर नगर | 1649 | 1649 | 0 |
| 5 | औरैया | 769 | 734 | 35 |
| 6 | आजमगढ़ | 3800 | 3800 | 0 |
| 7 | बागपत | 290 | 290 | 0 |
| 8 | बहराइच | 1359 | 1349 | 10 |
| 9 | बलिया | 1843 | 1843 | 0 |
| 10 | बलरामपुर | 998 | 979 | 19 |
| 11 | बाँदा | 657 | 657 | 0 |
| 12 | बराबंकी | 1817 | 1817 | 0 |
| 13 | बरेली | 1855 | 1854 | 1 |
| 14 | बस्ती | 3160 | 3160 | 0 |
| 15 | बिजनौर | 2186 | 2186 | 0 |
| 16 | शाहजहांपुर | 1785 | 1776 | 9 |
| 17 | बुलंदशहर | 1174 | 1174 | 0 |
| 18 | चंदौली | 1425 | 1412 | 13 |
| 19 | चित्रकूट | 562 | 545 | 17 |
| 20 | देवरिया | 2019 | 2019 | 0 |
| 21 | एटा | 853 | 852 | 1 |
| 22 | इटावा | 686 | 664 | 22 |
| 23 | फैजाबाद | 1235 | 1235 | 0 |
| 24 | फर्रुखाबाद | 872 | 872 | 0 |
| 25 | फतेहपुर | 1352 | 1352 | 0 |
| 26 | फिरोजाबाद | 790 | 790 | 0 |
| 27 | गौतम बुद्ध नगर | 304 | 302 | 2 |
| 28 | गाज़ियाबाद | 511 | 511 | 0 |
| 29 | गाजीपुर | 2740 | 2740 | 0 |
| 30 | गोंडा | 1812 | 1812 | 0 |
| 31 | गोरखपुर | 2937 | 2937 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32 | हमीरपुर | 497 | 497 | 0 |
| 33 | हरदोई | 1907 | 1907 | 0 |
| 34 | जालौन | 942 | 938 | 4 |
| 35 | जौनपुर | 3287 | 3287 | 0 |
| 36 | झांसी | 745 | 739 | 6 |
| 37 | ज्योतिबा फुले नगर | 959 | 959 | 0 |
| 38 | कन्नौज | 688 | 688 | 0 |
| 39 | कानपुर देहात | 966 | 966 | 0 |
| 40 | कानपुर नगर | 902 | 902 | 0 |
| 41 | कांशीराम नगर | 650 | 649 | 1 |
| 42 | कौशाम्बी | 729 | 729 | 0 |
| 43 | खेरी | 1706 | 1666 | 40 |
| 44 | कुशीनगर | 1579 | 1578 | 1 |
| 45 | ललितपुर | 691 | 673 | 18 |
| 46 | लखनऊ | 803 | 803 | 0 |
| 47 | महामाया नगर | 655 | 655 | 0 |
| 48 | महोबा | 435 | 429 | 6 |
| 49 | महाराजगंज | 1212 | 1210 | 2 |
| 50 | मैनपुरी | 820 | 820 | 0 |
| 51 | मथुरा | 730 | 730 | 0 |
| 52 | मऊ | 1499 | 1499 | 0 |
| 53 | मेरठ | 604 | 602 | 2 |
| 54 | मिर्जापुर | 1745 | 1734 | 11 |
| 55 | मुरादाबाद | 1550 | 1550 | 0 |
| 56 | मुजफ्फरनगर | 880 | 880 | 0 |
| 57 | पीलीभीत | 1295 | 1247 | 48 |
| 58 | प्रतापगढ़ | 2183 | 2183 | 0 |
| 59 | रायबरेली | 1733 | 1733 | 0 |
| 60 | रामपुर | 1108 | 1108 | 0 |
| 61 | सहारनपुर | 1243 | 1243 | 0 |
| 62 | संतकबीर नगर | 1582 | 1582 | 0 |
| 63 | संत रविदास नगर (भदोही) | 1087 | 1087 | 0 |
| 64 | शाहजहांपुर | 2088 | 2087 | 1 |
| 65 | श्रावस्ती | 509 | 504 | 5 |
| 66 | सिद्धार्थनगर | 2336 | 2336 | 0 |
| 67 | सीतापुर | 2317 | 2317 | 0 |
| 68 | सोनभद्र | 1391 | 1340 | 51 |
| 69 | सुल्तानपुर | 2498 | 2498 | 0 |
| 70 | उन्नाव | 1693 | 1693 | 0 |
| 71 | वाराणसी | 1258 | 1258 | 0 |
| | **कुल योग** | **97813** | **97486** | **327** |

*जिले जनगणना 2011 के अनुसार हैं।